सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–185
02/03/2026

# राज्यपाल ने होली के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

**पटना 02 मार्च, 2026** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने होली के पावन अवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि होली असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, भाईचारा और सद्भाव के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने राज्यवासियों से इस त्योहार को आपसी प्रेम और सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कामना की है कि रंग, उमंग और आनंद का यह त्योहार समस्त बिहारवासियों के लिए सुख, समृद्धि और सौभाग्य लेकर आये तथा उनके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।

..........................................